**The Speaker made references to the passing away of Sh. Harmohan Dhawan, Member of 9th Lok Sabha and Smt. Rubab Sayeda, Member of 14th Lok Sabha**

-

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ, अपने दो पूर्व साथियों के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है ।

श्री हरमोहन धवन चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र के चंडीगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री धवन नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) रहे और उन्होंने विशेषाधिकार समिति के सदस्य के रूप में भी सेवाएं प्रदान की ।

श्री हरमोहन धवन का निधन 27 जनवरी, 2024 को 83 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्रीमती रुबाब सईदा उत्तर प्रदेश के बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं लोक सभा की सदस्य थीं ।

श्रीमती सईदा ने उद्योग संबंधी समिति तथा सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया ।
श्रीमती रुबाब सईदा का निधन 6 फरवरी, 2024 को 73 वर्ष की आयु में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी ।

**11.02 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

माननीय अध्यक्ष**:** ऊँ शांति: शांति: शांति: ।

---